सीएसआईआर-सीरी में अभिविन्यास कार्यक्रम 2025 का सफल आयोजन

सीएसआईआर – केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी में नए सहकर्मियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में 90 नवनियुक्त प्रतिभागी कार्मिकों के साथ संस्थान के वैज्ञानिक, वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य सहकर्मी सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2023-25 के दौरान संस्थान में नियमित पदों पर नियुक्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संस्थान की कार्यसंस्कृति, नीतियों तथा अनुसंधान परंपराओं से परिचित कराना था।

अध्यक्षीय संबोधन से कार्मिकों को प्रेरित करते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सभी प्रतिभागी कार्मिकों का संस्थान में औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सीएसआईआर एवं सीरी की स्थापना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संस्थान की प्रमुख शोध उपलब्धियों, प्रमुख वैज्ञानिक योगदानों तथा राष्ट्रीय विकास में संस्थान की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर-सीरी देश में इलेक्ट्रॉनिक्स शोध की प्रथम राष्ट्रीय प्रयोगशाला है। डॉ. पंचारिया ने नए साथियों को सीरी की गौरवशाली परंपरा से अवगत कराते हुए उन्हें एक जिम्मेदार केंद्रीय कर्मचारी के रूप में सदैव आचरण नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारे संस्थान सीरी सहित सीएसआईआर की सभी संबद्ध प्रयोगशालाएँ देश के वैज्ञानिक औद्योगिक एवं अनुसंधान विकास के लिए समर्पित हैं, और इसके प्रत्येक सदस्य का कर्तव्य है कि वह अपने ज्ञान, समर्पण और नवाचार से भारत को आत्मनिर्भर बनाने के मिशन में योगदान दे। उन्होंने सभी सहकर्मियों से परस्पर सहयोग एवं सामूहिक प्रयासों के माध्यम से संस्थान के लक्ष्यों को प्राप्त करने का आह्वान किया।

सभागार में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारीगण एवं सहकर्मीवृंद

आयोजन की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए श्री प्रमोद तँवर, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, पीएमई

कार्यक्रम के प्रारंभ में **श्री प्रमोद तंवर**, प्रमुख, परियोजना प्रबंधन एवं मूल्यांकन (PME) समूह, ने अभिविन्यास कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल परिचय का अवसर नहीं, बल्कि सीरी परिवार के सदस्य के रूप में नए सहयोगियों के लिए साझे मूल्यों और टीम भावना को आत्मसात करने का अवसर भी है। उन्होंने भी अपनी ओर से सभी साथियों का संस्थान में औपचारिक स्वागत किया।

कार्यक्रम में सभी नए कार्मिक-प्रतिभागियों ने स्वयं का संक्षिप्त परिचय दिया। सभागार में उपस्थित अन्य अधिकारियों/

कार्मिकों ने तालियाँ बजाकर नए साथियों का सीरी परिवार में स्वागत किया। नए साथियों ने भी प्रतिष्ठित संगठन एवं संस्थान में सेवा करने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और समर्पित भाव से अपने दायित्वों के निर्वहन का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान अपना परिचय देते हुए प्रतिभागी

अंत में **श्री मधुरंजन पाण्डेय**, प्रशासन नियंत्रक, ने भी अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक कर्मचारी संस्थान की महत्वपूर्ण निधि है, इसलिए सभी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस आयोजन के लिए निदेशक महोदय एवं अन्य सभी सहकर्मियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी नए सहकर्मियों से संस्थान के विकास पथ पर मिलकर आगे बढ़ने तथा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक

कार्यक्रम का संचालन करते हुए **श्री रमेश बौरा**, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, ने निदेशक सहित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम किसी भी संस्था एवं संगठन के लिए बहुत आवश्यक होते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से नए साथियों का अन्य उपस्थित साथियों से परिचय हुआ है जिससे परस्पर संवाद एवं सहयोग की भावना को बल मिलेगा।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

नवनियुक्त सहकर्मियों के साथ समूह चित्र

प्रतिभागियों ने भी इस आयोजन के लिए निदेशक, सीएसआईआर-सीरी एवं आयोजन टीम के प्रति आभार व्यक्त किया और सीरी परिवार के सदस्य के रूप में संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ाने हेतु पूर्ण समर्पण से कार्य करने का संकल्प लिया।